हरिभूमि

# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, सोमवार, 30 मार्च 2026

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती



KALINGA UNIVERSITY
RAIPUR | INDIA

NAAC Accredited
NIRF 2025 Ranked: 101-150
50+ Acre Campus
130+ Programs
8000+ Students from 33 Countries
400+ Recruitment Partners

Where Words Become **Weapons.**

# BA LLB
# BBA LLB
# LLB
# LLM

LEARN TODAY LEAD TOMORROW

Specialisations in **LLM** (Select any Two) - Cyber Law, Crime and Torts, Business and Corporate Law, Intellectual Property Rights (IPR), Constitutional & Administrative Law, Labour Law



**Practical Legal Training**
Pro Bono Club
Moot Court
Legal Aid Clinic

BE DIFFERENT! BE BETTER! BE AHEAD!

**Benefits you can avail when you apply early:**

- *Priority program selection*
- *Access to exclusive scholarship opportunities*
- *Preferred hostel room allotment*
- *One-to-one career counselling Session by expert counsellor*
- *Guidance on the latest education policy and curriculum structure*
- *Access to centres of excellence and new-age program information*

**CLAT and LSAT score card accepted**

Top Recruiters:
KPMG, BCG, Deloitte, PWC, Luthra & Luthra Law Offices, Clutch Group, Pangea3

**OUR PROGRAMS**

PHARMACY
**D.Pharmacy**
**B.Pharmacy**
**M.Pharmacy**
**Pharm.D**

EDUCATION
**B.P.Ed | B.Ed**
**MA.Ed. | MA.(P.Ed)**

SCIENCE
**B.Sc.**
**M.Sc.**

INFORMATION TECHNOLOGY
**DCA | PGDCA**
**MCA**

ARTS & HUMANITIES
**BA | BA (J & MC) | BSW**
**BA (Lib. Arts) | MA | MSW**
**MA (J & MC)**

DESIGN
**Bachelor of Fashion Design**
**Bachelor of Interior Design**
**Master of Fashion Design**
**Master of Interior Design**

YOGA
**Diploma**
**B.Sc.**
**PG Diploma**
**M.Sc.**

COMMERCE
**B.Com.**
**B.Com. Hons.**
(in Banking & Finance)
{Includes GST & Taxation}
**M.Com.**
**M.Com.**
(Banking & Finance)

RESEARCH
**Ph.D.**

MANAGEMENT
**BBA**
**MBA**

LIBRARY SCIENCE
**B.Lib.**
**M.Lib.**

ENGINEERING
**Diploma | B.Tech**
**M.Tech**

**NEW-AGE PROGRAMS**

**BBA** (With **FINTECH** as a specialisation)
BCA in **AI & ML**
B.CS & M.CS in **AI & ML and Cybersecurity**
B.Sc. & M.Sc. in **Forensic Science**
BBA in **Film Making** In collaboration with NIIRA EDUCOM
B.Tech CS in **AI & ML** In collaboration with IBM | Innovation Centre for Education
Master of **Data Science**
BCA Specialisation in **Game Development with AI**
Bachelor & Master of **Animation & VFX**

**+91-9907252100**

Campus: Kalinga University, Kotni, Near Mantralaya, Naya Raipur – 492101, Chhattisgarh
City Office: 2nd Floor, Aditya Heights, Opp. Telibandha Talab, Raipur - 492001, Chhattisgarh
Bhilai Office: 111, Khichariya Complex, Opp. Domino's Pizza, Near Hotel Grand Dhillon, Bhilai

SCAN THE **QR CODE**
To Register for our Entrance Examinations
**KALSEE/KAL-MAT**

## खबर संक्षेप



### सांतवना फाउंडेशन सोसाइटी ने शुरु किया निःशुल्क प्याऊ

**कोरबा।** सांतवना फाउंडेशन सोसाइटी द्वारा बढ़ती गर्मी को ध्यान में रखते हुए रेलवे स्टेशन परिसर में प्रथम निःशुल्क प्याऊ का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर सांतवना फाउंडेशन के अध्यक्ष सुनील वर्गीस मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान श्री वर्गीस ने बताया कि यह संस्था द्वारा शुरू किया गया पहला प्याऊ है और आने वाले समय में चार अन्य स्थानों पर भी निःशुल्क प्याऊ का शुभारंभ किया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक लोगों को गर्मी में राहत मिल सके। इस निःशुल्क प्याऊ सेवा से प्रतिदिन सैकड़ों लोगों को राहत मिलने की उम्मीद है। संस्था द्वारा पानी की स्वच्छता एवं नियमित व्यवस्था का विशेष ध्यान रखा जाएगा। सांतवना फाउंडेशन सोसाइटी ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे इस सेवा का लाभ उठाएं एवं समाज सेवा के इस कार्य में सहयोग करें।

### भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की नई जिला कार्यकारिणी घोषित

**कोरबा।** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की नई जिला कार्यकारिणी घोषित होते ही संगठन के कुछ कार्यकर्ताओं में नाराजगी देखने को मिल रही है। घोषित सूची के आंकड़ों पर नजर डालें तो 65 में से 40 पदाधिकारी केवल कोरबा विधानसभा क्षेत्र से शामिल किए गए हैं। इसके मुकाबले पाली-तानाखार विधानसभा से सिर्फ 3, रामपुर से 9, कटघोरा से 13, महिलाओं को स्थान मिला है। संगठन के पुराने कार्यकर्ताओं का कहना है कि इतना बड़ा जिला होने के बावजूद कार्यकारिणी एक ही क्षेत्र तक सीमित नजर आ रही है, जिससे दूसरे विधानसभा क्षेत्रों में असंतोष बढ़ रहा है। पाली-तानाखार और रामपुर दोनों ऐसे विधानसभा क्षेत्र हैं जहां आदिवासी मतदाता निर्णायक भूमिका में रहते हैं। पाली-तानाखार में वर्तमान में गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के विधायक है। जबकि रामपुर में कांग्रेस का कब्जा है राजनीतिक जानकारों का कहना है कि जहां संगठन कमजोर है, वहीं प्रतिनिधित्व कम देना रणनीतिक भूल साबित हो सकती है। महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष प्रीति स्वर्णकार के सामने अब सबसे बड़ी चुनौती असंतुष्ट कार्यकर्ताओं को साधने की मानी जा रही है। संगठन के भीतर यह भी चर्चा है कि यदि जल्द संतुलन नहीं बनाया गया तो इसका असर आने वाले चुनावों में दिखाई दे सकता है। जिला महामंत्री पद पर नियुक्त अनसूईया राठौर को लेकर भी संगठन के भीतर फुसफुसाहट तेज है। बताया जा रहा है कि वे पहले भाजपा चुनाव के दौरान सक्रिय भूमिका में नहीं थीं। ऐसे में सीधे महत्वपूर्ण पद मिलना कई पुराने कार्यकर्ताओं को रास नहीं आ रहा।

### कोयला उपभोक्ताओं के लिए विशेष कैश डिस्काउंट ऑफर

**कोरबा।** एसईसीएल ने कोयला उपभोक्ताओं के लिए कैश डिस्काउंट ऑफर के तहत ई-नीलामी की घोषणा की है। यह ई-नीलामी 31 मार्च और 2 अप्रैल को होगी। पहले दिन 8,80,350 टन व दूसरे दिन 7,97,200 टन का ऑक्शन होगा। नीलामी कोल इंडिया ई-ऑक्शन स्कीम 2022 के तहत रोड और रेल मोड में की जायेगी। एसईसीएल की ओर से जारी जानकारी के अनुसार इस ई-नीलामी में कुल 16,77,550 टन कोयला ऑफर किया गया है। इसमें खरीदारों को लिफ्टिंग मात्रा के आधार पर 600 रुपया प्रति टन तक कैश डिस्काउंट का लाभ मिलेगा। कंपनी की इस घोषणा से कोयला उपभोक्ताओं, व्यापारियों और उद्योगों को राहत मिलने की उम्मीद है। कंपनी का कहना है कि इस पहल का उद्देश्य उपभोक्ताओं को बेहतर दर पर कोयला उपलब्ध कराना और बाजार में आपूर्ति व्यवस्था को मजबूत बनाये रखना है। एसईसीएल की यह ई-नीलामी खासकर उन उपभोक्ताओं के लिए फायदेमंद मानी जा रही है जो नियमित कोयला आपूर्ति पर निर्भर हैं। रोड और रेल, दोनों मोड में कोयला उपलब्ध होने से विभिन्न क्षेत्रों के खरीदारों को सुविधा मिलेगी। इससे उद्योगों और व्यवसायिक उपभोक्ताओं को परिवहन के विकल्प भी आसानी से मिल सकेंगे। कंपनी ने इच्छुक उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे निर्धारित तिथियों पर ई-नीलामी में भाग लेकर इस विशेष कैश डिस्काउंट ऑफर का लाभ उठायें।

# निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करें निर्माण कार्य : दुदावत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

**बैठक में ठेकेदारों और पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को दिए निर्देश**



अलग खबर

कलेक्टर ने जिला खनिज न्यास अंतर्गत स्वीकृत स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों और संबंधित ठेकेदारों को निर्देशित किया कि स्वास्थ्य विभाग से जुड़े भवन निर्माण तथा अन्य अधोसंरचना के कार्यों को गुणवत्ता के साथ तय समय-सीमा के भीतर सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कई माह बीतने के बाद भी अनेक स्थानों के कार्यों में प्रगति नहीं होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए सख्त निर्देश दिए कि अतिरिक्त मजदूर लगाकर निर्धारित समय में कार्य पूरा किया जाए। समय-सीमा समाप्त होने के बाद भी कार्य पूर्ण नहीं होने पर आवश्यक कार्यवाही की चेतावनी भी दी गई है।

में कलेक्टर कुणाल दुदावत ने पीडब्ल्यूडी के ईई जीआर जांगड़े, एसडीओ तथा सब-इंजीनियरों की उपस्थिति में जिला खनिज न्यास अंतर्गत स्वीकृत स्वास्थ्य विभाग के लगभग 30 निर्माणाधीन भवनों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने विभिन्न स्थानों में कार्य ले चुके ठेकेदारों को निर्देशित किया कि कार्य लेने के बाद अनावश्यक लेटलतीफ़ी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए इन भवनों का निर्माण किया जा रहा है, इसलिए इन्हें समय पर पूरा करना आवश्यक है, ताकि लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकें। उन्होंने निर्देश दिया कि बारिश से पहले सभी कार्य पूर्ण कर लिए जाएं तथा कार्य में किसी प्रकार की देरी न हो। कलेक्टर ने कहा कि ठेकेदारों के बिल भुगतान या भवन निर्माण संबंधी किसी भी समस्या के बारे में अवगत कराएं, ताकि उनका निराकरण शीघ्र किया जा सके। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि सभी स्वास्थ्य केंद्रों में पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु बोर एवं टाइल्स लगाया जाना अनिवार्य है। कलेक्टर ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लालपुर, माचाडोली, अमलीकुंडा, सेमरा, चाकाबुड़ा सहित अन्य स्थानों के भवनों के निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए ठेकेदारों को अतिरिक्त मजदूर लगाकर कार्य की गति बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी कार्यों को पारदर्शिता एवं गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने पर जोर दिया। साथ ही चिर्रा–श्यांग मार्ग की भी समीक्षा कर निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश ठेकेदार को दिए।

**रायगढ़ से सड़क मार्ग होते चार बजे पहुंचे कोरबा**

# पहुंचे बागेश्वर सरकार, हनुमंत कथा सुनने उमड़ा जन समुदाय

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

**तीन बजे से लोग बाबा का कर रहे थे इंतजार**



हनुमंत कथा सुनाते धीरेंद्र महाराज।



उपस्थित श्रद्धालुगण।

कटघोरा ब्लॉक के ग्राम ढपढप में शनिवार से शुरु हुई बागेश्वरधाम सरकार की हनुमंत कथा सुनने के लिए बड़ी संख्या में जन समुदाय कथा स्थल में उमड़ पड़ा। रायगढ़ से सड़क मार्ग से होते हुए बागेश्वर सरकार कोरबा पहुंचे। शाम 4 बजे से कथा शुरु हुई जबकि जनसमुदाय दोपहर 3 बजे से ही कथा स्थल पहुंच चुका था।

जिले के बांकीमोंगरा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम ढपढप में आज से शुरू हो रही पांच दिवसीय श्री हनुमंत कथा को लेकर श्रद्धालुओं में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। कथा वाचक पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री शनिवार को दोपहर 1 बजकर 45 मिनट पर रायगढ़ जिले के जिंदल एयरपोर्ट पर प्राइवेट जेट से पहुंचे, जहां आयोजकों और श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या ने उनका स्वागत किया। एयरपोर्ट पर जय श्रीराम के गगनभेदी जयघोष, फूल-मालाओं और भक्तिमय उत्साह के बीच शास्त्री जी का स्वागत हुआ। इसके बाद उनका वाहनों का काफिला रायगढ़ से कोरबा के लिए रवाना हो गया। ढपढप की पावन धरा पर होने जा रही यह दिव्य हनुमंत कथा अब केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि आस्था, सनातन चेतना और भक्ति के महापर्व का स्वरूप ले चुकी है। शास्त्री जी के आगमन से पूरे क्षेत्र में उत्साह, श्रद्धा और आध्यात्मिक ऊर्जा का वातावरण बन गया है। बीते एक पखवाड़े से धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री बागेश्वर सरकार की हनुमंत कथा की तैयारी चल रही थी। एक दिन पूर्व शुक्रवार को 11 हजार महिलाओं के द्वारा शोभायात्रा निकाली गई थी। शनिवार को दोपहर 3 बजे से कथा का आयोजन किया गया था। धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री बागेश्वर सरकार का आगमन सड़क मार्ग से होने के कारण देरी से हुआ लेकिन उनके इंतजार में जन समुदाय दोपहर 3 बजे से ही कथा स्थल पर उमड़ गया था। जैसे ही धीरेंद्र शास्त्री मंच पर पहुंचे कथा स्थल जयश्री राम के नारों से गूंज उठा।

### कुसमुंडा में धूमधाम से मनाया गया प्रभु श्रीराम जन्मोत्सव, निकली शोभायात्रा



कुसमुंडा क्षेत्र में प्रभु श्रीराम जन्मोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास और भक्ति भाव के साथ मनाया गया। इस पावन अवसर पर मां कुष्मांडा दाई सेवा समिति एवं विश्व हिंदू परिषद, कोरबा के संयुक्त तत्वावधान में भव्य एवं विशाल शोभायात्रा का आयोजन किया गया। यह शोभायात्रा गेवरा बस्ती स्थित हनुमान मंदिर से प्रारंभ होकर कबीर चौक, गायत्री मंदिर चौक होते हुए आदर्श नगर स्थित इंदिरा स्टेडियम तक पहुंची। यात्रा में हजारों की संख्या में क्षेत्रवासी शामिल हुए, जिससे पूरा क्षेत्र राममय हो गया। शोभायात्रा में भगवान श्रीराम दरबार की आकर्षक झांकी विशेष रूप से श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रही। इसके साथ ही भगवान श्रीराम से संबंधित अन्य मनोहारी झांकियों ने भी सभी का मन मोह लिया। भक्ति गीतों की मधुर धुनों पर महिलाएं, पुरुष एवं युवा वर्ग नाचते-गाते हुए पूरे उत्साह के साथ शोभायात्रा में सम्मिलित हुए। शहर के विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं एवं सामाजिक संगठनों द्वारा शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया गया। जगह-जगह पुष्प वर्षा कर श्रद्धालुओं ने अपनी आस्था प्रकट की। कार्यक्रम का समापन आदर्श नगर स्थित इंदिरा स्टेडियम में हुआ, जहां एक से बढ़कर एक झांकियों का प्रदर्शन किया गया और भव्य आतिशबाजी ने पूरे वातावरण को उत्सवमय बना दिया। यह आयोजन न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक बना, बल्कि क्षेत्र में सामाजिक एकता, भाईचारे और सांस्कृतिक परंपराओं को भी मजबूती प्रदान करता नजर आया।

## पूर्णाहुति के साथ संपन्न हुआ जिला जेल में 5 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ



जेल के अंदर हवन अनुष्ठान करते कैदी व अन्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के सूक्ष्म संरक्षण एवं मार्गदर्शन में रामनवमी को प्रातः 9 बजे जिला जेल में गायत्री परिजनों द्वारा पांच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ सम्पन्न कराया गया। इस यज्ञ द्वारा दिव्य आध्यात्मिक वातावरण निर्मित करने तथा बंदियों के हृदय में मानवीय मूल्यों की प्रबल संभावनाओं को जागृत करने के उद्देश्य से यज्ञ भगवान को विशेष आहुतियां दी गई। साथ ही भगवान राम के अवतरण दिवस अर्थात रामनवमी के पावन पर्व पर भगवान राम के निमित्त विशेष आहुति भी प्रदान की गई। गायत्री शक्ति पीठ के मुख्य ट्रस्टी कमलेश मिश्रा, राजकुमार देवांगन, मुकेश अदलखा, व्हीके यादव, मनहरण यादव, जेके शांडिल्य, टेकराम यादव, नीलेश प्रजापति, एके वर्मा एवं देव साहू शामिल रहे। जेल अधीक्षक अमितेश कुमार साहू ने कहा कि आज के इस यज्ञ की पुष्पांजलि के रूप में अपनी एक बुराई को त्याग कर उसके स्थान पर एक अच्छाई ग्रहण करते हैं तो यह सबसे बड़ी देव दक्षिणा होगी क्योंकि अपना सुधार ही संसार की सबसे बड़ी सेवा है। इस अवसर पर जिला संयोजक राजकुमार देवांगन ने महापुरुषों, संतों की जीवनी का उदाहरण देते हुए अपने जीवन को सन्मार्ग एवं कल्याणकारी मार्ग पर प्रेरित करने हेतु निवेदन किया। इन आहुतियां के प्रभाव से आस पास के क्षेत्र में दिव्य वातावरण निर्मित हुआ तथा सभी बंदियों को विशेष प्रेरणा मिली। गीत, संगीत एवं भजन के साथ संपन्न किये गए कर्मकांड से प्रेरित होकर कई लोगों ने सत्पथ पर चलने का संकल्प लिया।

## चलती मोटरसाइकिल में चाकू लहराकर दहशत फैलाने वाले 6 पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण एवं अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस के मार्गदर्शन में थाना चौकी स्तर पर लगातार सघन अभियान चलाकर कार्यवाही की जा रही है।

कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत सीतामणी स्टेशन रोड में चाकू लहराकर आमजन में भय एवं अशांति फैलाने की घटना पर त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही की गई है। 19 मार्च को कुछ युवकों द्वारा चलती मोटरसाइकिल में चाकू लहराते हुए आम नागरिकों को भयभीत करने की सूचना प्राप्त हुई थी, जिससे क्षेत्र में दहशत का माहौल निर्मित हो गया था। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए थाना कोतवाली में 25 मार्च को धारा 25 आर्म्स एक्ट एवं धारा 184, 4/181, 5/180 मोटर व्हीकल एक्ट में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। विवेचना के दौरान घटनास्थल के सीसीटीवी फुटेज एवं अन्य साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों की पहचान कर उन्हें अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की गई, जिसमें उन्होंने घटना कारित करना स्वीकार किया। जांच में कुल 6 व्यक्ति संलिप्त पाए गए, जिनमें से 1 वयस्क आरोपी राहुल यादव उम्र 27 वर्ष निवासी कुंजनगर नवधा चौक, थाना कोतवाली, जिला कोरबा तथा 5 विधि से संघर्षरत बालक शामिल हैं। आरोपियों के कब्जे से एक धारदार चाकू एवं घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल जप्त की गई है। वयस्क आरोपी राहुल यादव को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है, वहीं 5 विधि से संघर्षरत बालकों को विधिक प्रावधानों के तहत किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।

# बाइक की आपस में भिड़ंत दो युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



हादसे के बाद सड़क पर पड़ी बाइक तथा युवक की लाश।

दो मोटरसायकल की आमने सामने से टक्कर हो गई। भिडंत इतनी जबरदस्त थी कि दोनों बाइक में सवार दो युवकों की मौत हो गई। वहीं दो अन्य घायल हुए। घटना शिवरीनारायण थाना क्षेत्र के ग्राम दुरपा की है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार सक्ती जिला के ग्राम हरेठी का रहने वाला 35 वर्षीय मनोज केवट एक बच्चे को बाइक में बैठाकर रिश्तेदार के यहां आ रहा था। वही नकटीडीह निवासी 20 वर्षीय पीयूष कुमार अपने बाइक में एक बालक की बैठकर पास के गांव करन्नौद घूमने जाने निकला था। रास्ते में ग्राम दुरपा में तेज रफ्तार बाइक की आमने सामने से जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त हुई कि दोनों बाइक के सामने का हिस्सा क्षतिग्रस्त हुआ वही बाइक से सभी छिटक कर दूर जा गिरे। दोनों बाइक चालक मनोज और पीयूष की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। वही बाइक के पीछे बैठे दोनों बच्चों को मामूली चोट आई है। जिन्हें अस्पताल में उपचार के लिए भेजा गया। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची दोनो मृतकों के शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजा गया। जहां पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है। शिवरीनारायण पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी है।

### खाद्य आपूर्ति एवं परिवहन की निगरानी हेतु टीम गठित

**कोरबा।** आवश्यक वस्तुओं, विशिष्ट केरोसिन तथा डीज़ल पेट्रोल के सुचारु वितरण और परिवहन व्यवस्था की निगरानी के लिए जिला स्तरीय नियंत्रण कक्ष स्थापित कर संचालित किया जा रहा है। नियंत्रण कक्ष के माध्यम से आम जनता द्वारा प्राप्त शिकायतों, सुझावों तथा आवश्यक जानकारी का संकलन कर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। नियंत्रण कक्ष के प्रभावी संचालन हेतु जिले के अधिकारियों और कर्मचारियों को दायित्व सौंपे गए हैं। इनमें श्रीमती उर्मिला गुप्ता, खाद्य निरीक्षक, पारस सोनी, खाद्य निरीक्षक रवि कुमार यादव, खाद्य निरीक्षक सुरेश लांजी, खाद्य निरीक्षक नवीन तिवारी, सहायक प्रबंधक तथा पंकज कुमार अग्रवाल, लिपिक दैनिक वेतनभोगी, खाद्य शाखा कोरबा शामिल हैं।

**पेट्रोलियम गैस और आवश्यक वस्तुओं की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने दिए निर्देश**

# मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई वीसी समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में वीडियोकॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक आयोजित की गई, जिसमें सभी संभागायुक्त, पुलिस महानिरीक्षक, जिले से कलेक्टर कुणाल दुदावत और पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी सहित अन्य अधिकारी शामिल हुए।

मुख्यमंत्री ने पश्चिम एशियाई संकट के परिप्रेक्ष्य में प्रदेश में पेट्रोलियम गैस और आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता की विस्तृत समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि राज्य सरकार आम जनता को आवश्यक सेवाओं की निरंतरता सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

केंद्र सरकार के पेट्रोलियम गैस मंत्रालय द्वारा 28 फरवरी के बाद उठाए गए कदमों की जानकारी देते हुए बताया गया कि 8 मार्च को नया एलपीजी कंट्रोल ऑर्डर जारी किया गया है। इसके तहत घरेलू गैस की उपलब्धता बनाए रखने के लिए घरेलू क्षेत्र में शत-प्रतिशत आपूर्ति सुनिश्चित की गई है। औद्योगिक इकाइयों पर लगा प्रतिबंध भी 27 मार्च से हटा लिया गया है। प्रदेश स्तर पर खाद्य विभाग ने संचालक की अध्यक्षता में एक राज्य नियंत्रण कक्ष की स्थापना की है। किसी भी सहायता के लिए आपातकालीन हेल्पलाइन नंबर 1800-233-3663 जारी किया गया है। वर्तमान में विभिन्न क्षेत्रों के लिए प्राथमिकता के आधार पर गैस आवंटन तय किया गया है, जिसमें शैक्षणिक संस्थानों और अस्पतालों को सौ प्रतिशत प्राथमिकता दी जा रही है। बैठक में बताया गया कि प्रदेश में अब तक एलपीजी की कालाबाजारी की कोई बड़ी घटना सामने नहीं आई है। प्रशासन द्वारा सतर्कता बरतते हुए मार्च माह में अब तक 335 स्थानों पर छापे मारे गए हैं, जिनमें अनियमितता के 75 प्रकरण दर्ज कर 3,841 सिलेंडर जप्त किए गए हैं। इन कार्यवाहियों में 97 व्यक्तियों के विरुद्ध एफआईआर भी दर्ज की गई है।

**खास बात**

- अब तक 97 लोगों के विरुद्ध हुई है एफआईआर की कार्यवाही।

मुख्यमंत्री ने समस्त कलेक्टरों को निर्देश दिए हैं कि वे अपने जिलों में पेट्रोल और डीजल की दैनिक आवक, वितरण और स्टॉक की नियमित समीक्षा करें। इसके साथ ही जिलों में नियंत्रण कक्ष के गठन, नियमित पुलिस गश्त और भ्रामक जानकारियों को नियंत्रित करने के निर्देश भी दिए गए हैं। प्रदेश में पीएनजी पाइपलाइन और सीएनजी स्टेशनों के विस्तार का कार्य भी तेजी से प्रचलित है, जिसके लिए विभिन्न अधिकृत संस्थाओं द्वारा अधोसंरचना विकास किया जा रहा है। बैठक के अंत में मुख्यमंत्री ने आगामी खरीफ सीजन के लिए उर्वरक प्रबंधन, ऊर्जा सुरक्षा और कानून व्यवस्था जैसे विषयों पर भी जिलों से अपेक्षित कार्यवाही सुनिश्चित करने को कहा।

### दशहरा मैदान में दक्षता परिष्कृत करने आरएसएस ने किया कार्यक्रम

**कोरबा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना के सौ वर्ष पूरे हो गए हैं। शताब्दी वर्ष में अखिल भारतीय स्तर पर विविध कार्यक्रम किए जा रहे हैं। इसी के अंतर्गत शाखा स्तर पर शारीरिक प्रधान कार्यक्रम का संचालन भी किया जा रहा है। डॉ राजेंद्र प्रसाद नगर दशहरा मैदान में ऐसे ही कार्यक्रम में स्वयंसेवकों ने अपनी क्षमता दिखाई। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के द्वारा समय-समय पर अलग-अलग प्रकार के कार्यक्रम किए जा रहे हैं। इसके माध्यम से लोगों को संगठन की शक्ति और उसके उद्देश्य की जानकारी मिल रही है। शताब्दी वर्ष में सभी जिलों ने विभिन्न कार्यक्रम हाथ में लिए हैं और इसके अंतर्गत क्रियान्वयन भी जा रही है। क्षेत्र शारीरिक शिक्षण प्रमुख गंगा राजीव के आतिथ्य में कोरबा के दशहरा मैदान डॉ राजेंद्र नगर में शारीरिक प्रधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

जाँजगीर मार्केट

फर्नीचर
आपके शहर जांजगीर में आदित्य प्लाई एंड हार्डवेयर में शादी-विवाह एवं अन्य शुभ अवसरों के लिए फैंसी फर्नीचर, स्टील अलमारी, पाटिकल अलमारी, डिलक्स अलमारी, ड्रेसिंग, सोफा, पलंग, दीवान, कुलर, काउंटर, मंदिर, टी टेबल, डायनिंग टेबल, ऑफिस फर्नीचर, होम फर्नीचर, स्टडी टेबल एवं अन्य आधुनिक फर्नीचर उचित मूल्य पर प्राप्त करें।
विशेष : (1) शादी-विवाह की खरीदी पर विशेष छूट
(1) मॉड्यूलर कीचन, बेडरूम, किड्स रूम, एलईडी स्टैंड डिजाईन एवं डेकोरेशन
आदित्य प्लाई एण्ड हार्डवेयर
नेता जी चौक के पास, लिंक रोड जांजगीर मो. 6260115021

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

हरिभूमि

# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, सोमवार, 30 मार्च 2026

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती


तापमान

अधिकतम 38.0 डिग्री

न्यूनतम 22. 0 डिग्री


रामनवमी हिन्दूओं का प्रमुख त्योहार

4




## खबर संक्षेप

### जल संकट से निपटने कलेक्टर ने लागू किए विशेष प्रावधान

**सक्ती।** ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते हुए पेयजल उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कलेक्टर अमृत विकास तोपनो ने जिले को 1 अप्रैल से 15 जुलाई तक जल अभाव ग्रस्त क्षेत्र घोषित किया है। जारी आदेश के अनुसार उक्त अधिनियम की धारा 06 के तहत निर्धारित अवधि में सक्षम अधिकारी की पूर्वानुमति के बिना कोई भी नया नलकूप पेयजल अथवा पेयजल के अलावा किसी अन्य प्रयोजन के लिए नहीं खोदा जा सकेगा। हालांकि एजेंसी जैसे लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को संपूर्ण जिले में तथा नगर पालिका परिषद व नगर पंचायतों को केवल पेयजल हेतु अपने निकाय क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों में नलकूप खनन के लिए अनुमति की आवश्यकता नहीं होगी, लेकिन उन्हें इस अवधि में खनन कराए गए नलकूपों की जानकारी प्राधिकृत अधिकारी को भेजनी होगी।
जन सुविधा को ध्यान में रखते हुए नलकूप खनन हेतु अनुमति प्रदान करने के लिए अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सक्ती, डभरा एवं मालखरौदा को उनके संबंधित राजस्व अनुभाग के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों के लिए प्राधिकृत अधिकारी नियुक्त किया गया है।

### विभिन्न स्थानों पर लगेगा प्लेसमेंट कैंप, सैकड़ों पदों पर होगी भर्ती

**सक्ती।** जिला सक्ती अंतर्गत बेरोजगार युवाओं को रोजगार प्रदान करने की दृष्टि से जनपद, नगर पालिका एवं नगर पंचायत स्तर पर प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जाएगा। इस पहल का मुख्य उद्देश्य जिले के अधिक से अधिक युवाओं को रोजगार से जोड़ना है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार एसआईएस लिमिटेड रायगढ़ ब्रांच द्वारा जनपद पंचायत डभरा में 1 अप्रैल को, जनपद पंचायत जैजैपुर में 2 अप्रैल को, जनपद पंचायत मालखरौदा और जनपद पंचायत सक्ती में 3 अप्रैल को प्लेसमेंट कैंप आयोजित किए जाएंगे। वहीं एस.आई.एस. इंडिया लिमिटेड अनूपपुर द्वारा जनपद पंचायत मालखरौदा में 21 अप्रैल को, जनपद पंचायत जैजैपुर में 22 अप्रैल को, जनपद पंचायत डभरा में 23 अप्रैल को तथा जनपद पंचायत सक्ती में 24 अप्रैल को प्लेसमेंट कैंप लगाए जाएंगे। इसके अतिरिक्त शासकीय आईटीआई मालखरौदा में 25 अप्रैल, शासकीय आईटीआई जैजैपुर में 27 अप्रैल तथा शासकीय आईटीआई डभरा में 28 अप्रैल को भी प्लेसमेंट कैंप का आयोजन निर्धारित किया गया है।
एस.आई.एस सिक्योरिटी सर्विस इंडिया लिमिटेड द्वारा छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में सुरक्षा जवान सहित अन्य 205 पदों पर भर्ती निकाली गई है। शैक्षणिक योग्यता के रूप में 10वीं पास अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जाएगी।

### बुड़गहन में नशामुक्ति सायबर जागरुकता कार्यक्रम

**जांजगीर-चांपा।** बलौदा थाना क्षेत्र के ग्राम बुडगहन में नशामुक्ति एवं सायबर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान ग्रामीणों को नशे के दुष्परिणामों एवं सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोगों के बारे में जागरूक किया गया। नशा मुक्ति कार्यक्रम आयोजित कर अवैध शराब के विरुद्ध सशक्त संदेश दिया गया। ऑनलाइन धोखाधड़ी, सायबर अपराध, डिजिटल अरेस्ट, अंजान लिंक पर क्लिक न करे, ओटीपी शेयर न करे के संबंध में आवश्यक जानकारी दी गई। सामुदायिक पुलिसिंग के तहत थाना प्रभारी बलौदा मनोहर सिन्हा के नेतृत्व में ग्राम बुडगहन में नशा मुक्ति एवं सायबर जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से ग्रामीणों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराते हुए अवैध शराब के खिलाफ एवं सायबर अपराध से बचने के संबंध में जागरूक किया गया। पुलिस द्वारा स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि जिले में अवैध शराब, नशा कारोबार एवं सामाजिक अपराधों के विरुद्ध अभियान आगे भी इसी प्रकार लगातार जारी रहेगा।

### बिगड़े ट्रांसफार्मर को बनवाने लगाना पड़ता है रायगढ़ का चक्कर

# गर्मी के साथ बढ़ने लगी बिजली की खपत, ट्रांसफार्मर पर बढ़ा लोड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

अविभाजित जांजगीर चाम्पा जिले में बढ़ती गर्मी के साथ-साथ अब बिजली की खपत भी ज्यादा होने लगी है। वहीं लोड बढ़ने के साथ ट्रांसफार्मर जवाब देने लग जाते है। इस तरह की समस्या अब शुरू होने लगी है। विभागीय सूत्रों के अनुसार सामान्य दिनों में जांजगीर शहर सहित आसपास के गांवों में बिजली की खपत 30 लाख यूनिट रहती है, जो अप्रैल मई के दिनों में 53 लाख यूनिट तक पहुंच जाती है।

गौरतलब है कि अविभाजित जांजगीर-चाम्पा जिले में 3 लाख 60 हजार से भी अधिक विद्युत उपभोक्ता हैं। वहीं विद्युत व्यवस्था बनाए जाने को लेकर 13 हजार 520 ट्रांसफार्मर भी लगाए गए है। इनमें चाम्पा डीविजन में 4 हजार 113,अकलतरा डीविजन में 3 हजार 554 एवं सक्ती जिले के सक्ती डीविजन में 5 हजार 853 कुल मिलाकर 13 हजार 520 ट्रांसफार्मर लगाए गए है। बढ़ती गर्मी के साथ-साथ अब ट्रांसफार्मर भी जवाब देने लग गए है। इधर मार्च महीना समाप्ति की ओर है। वहीं अब बढ़ती गर्मी के साथ एयरकंडीशनर, कुलर ,पंखा सहित बिजली से चलने वाले उपकरणो की संख्या भी बढ़ रही है। एक अनुमान के अनुसार जांजगीर शहर सहित आसपास के गांवों में बिजली की खपत सामान्य दिनों में 30 लाख युनिट रहता है, जो अप्रैल, मई एवं जून के महीने मे बढ़कर 53 लाख यूनिट तक पहुंच जाती है। अब गर्मी बढ़ते क्रम में है। उसके हिसाब से ट्रांसफार्मर पड़ने लगे है। वही बिजली की खपत भी बढ़ती ही जा रही है। अप्रैल, मई एवं जून का महीना गर्मी के लिए जाना जाता है। इस बीच गर्मी बढ़ने के साथ ट्रांसफार्मर भी लोड सहन नही कर पाते, जिसके कारण ट्रांसफार्मर जल जाते है। इस तरह की समस्या गर्मी के दिनो में होती रहती है। खास बात यह है कि ट्रांसफार्मर मरम्मत कार्य रायगढ़ जिले के माध्यम से होता है। आज भी जांजगीर-चाम्पा एवं सक्ती जिले में ट्रांसफार्मर खराब हो जाने की स्थिति में रिपेयरिंग कार्य के लिए रायगढ़ भेजना पडता है, जिसके कारण उसे बनने में काफी समय भी लगता है। इस कारण विद्युत उपभोक्ताओं को कई तरह की समस्याओं से जूझना पड़ रहा है। वही भीषण गर्मी के दिनों में उनकी परेशानी बढ़ जाती है।

**अस्थाई कनेक्शन से ही व्यवस्था संचालित**-जांजगीर शहर में ही करीब 13 हजार से भी अधिक विद्युत उपभोक्ताओ की संख्या है। वही शहर के रमन नगर, शांती नगर सहीत अन्य कई मुहल्लो में बडे पैमाने पर हर साल मकान का निर्माण किया जा रहा है। वही लोग मकान निर्माण के दौरान अस्थाई बिजली का कनेक्शन तो ले लेते है। लेकिन उसे स्थाई कनेक्शन कराने को लेकर ध्यान तक नहीं देते है। जिसके कारण अस्थाई व्यवस्था से काम चलाया जा रहा है। इसे लेकर विद्युत उपभोक्ता ध्यान तक नहीं दे रहे है और ना ही विभाग इस पर पहल कर रहा है।



जिला मुख्यालय स्थित सब स्टेशन।

#### रिजर्व में ट्रांसफार्मर रखने का नियम

विद्युत वितरण कंपनी विभाग को गर्मी के साथ बारिश एवं ठंड के समय में बारह महीने ट्रांसफार्मर रिजर्व में रखने का नियम है ताकि ट्रांसफार्मर खराब अथवा जल जाने की स्थिति में रिजर्व के तहत रखे गए ट्रांसफार्मर का उपयोग करके बिजली व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित किया जा सके। इसके लिए विभाग की ओर से आवश्यक प्रबंध भी किया जाना रहता है। ताकि उपभोक्ताओ को किसी तरह की कोई परेशानी ना हो।

#### बढ़ रही खपत

गर्मी बढ़ने के साथ बिजली की खपत पहले की अपेक्षा बढ़ रही है। ट्रांसफार्मर खराब हो जाने पर तत्काल मरम्मत को लेकर व्यवस्था बनाई जाती है। इसे लेकर कर्मचारियो को निर्देशित भी किया गया है।

-अमर चौधरी,
अधीक्षण यंत्री
विद्युत मंडल कार्यालय जांजगीर

# चोरी की शंका पर युवक की हत्या, दो आरोपी गिरफ्तार

### मालखरौदा थाना क्षेत्र के बंदोरा की घटना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मालखरौदा

चोरी की शंका पर दो लोगों ने मिलकर युवक की हत्या कर दी। कपड़ा से गाला घोट कर और ईंट से वार कर युवक को मौत के घाट उतार दिया गया। मामले में पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। घटना सक्ती जिले के मालखरौदा थाना क्षेत्र के ग्राम बंदोरा की है।

इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम बंदोरा निवासी राहुल कुर्मी के माता पिता कमाने खाने के लिए पलायन कर गए हैं। राहुल गांव में ऑटो वाश सेंटर का संचालन करता था। उसकी लाश 28 मार्च को घर के बगल में मिली। सिर और चेहरे पर गंभीर चोट के निशान थे। पुलिस को घटना की सूचना दी गई। पुलिस टीम ने मौका मुआयना कर जांच पड़ताल की तो गाला घोट कर ईंट के टुकड़ा से सिर और चेहरे पर वार कर हत्या की बात सामने आई। राहुल के चाचा विनोद वर्मा की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धारा 103(1) बी एन एस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया। गांव में कई लोगों से पूछताछ करने के बाद संदेह के आधार पर इंद्र कुमार गबेल और नारायण यादव के घर दबिश देकर दोनों को अभिरक्षा में लिया गया। हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर दोनों ने अपना गुनाह कबूल कर लिया। आरोपियों ने चोरी की शंका पर वारदात को अंजाम दिया। आरोपियों ने पुलिस को बताया कि इंद्र कुमार गेबल के पॉकेट से 1800 रुपये निकालने और नारायण यादव के भाई की मोबाइल को चोरी करने की शंका पर दोनों ने मिलकर वारदात को अंजाम दिया। कपड़े से गला घोंट कर और ईंट के टुकड़े से सिर एवं चेहरे पर वार कर हत्या करने की बात दोनों ने कबूल की। आरोपियों की निशानदेही पर गाला घोटने मे प्रयुक्त कपड़ा एवं सिर पर वार करने मे उपयोग हुआ ईंट का टुकड़ा जब्त किया गया। पुलिस ने बंदोरा निवासी 35 वर्षीय इंद्र कुमार गबेल उर्फ इंदर गबेल पिता शिव प्रसाद गबेल और 20 वर्षीय नारायण यादव उर्फ निखिल पिता पालेश्वर यादव को 29 मार्च को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से आरोपियों को जेल भेज दिया गया। इस कार्यवाही में मालखरौदा थाना प्रभारी प्रवीण राजपूत, थाना प्रभारी सक्ती लखन पटेल, टी आई अमित सिंह, साइबर सेल प्रभारी सी.पी. कंवर, चौकी प्रभारी अड़भार सहायक उपनिरीक्षक बिसोहन चन्द्रा, चौकी प्रभारी छपोरा सहायक उपनिरीक्षक संतोष तिवारी, प्रधान आरक्षक कृष्ण कुमार तिवारी, प्रेम सिदार, आरक्षक पवन सांडे, सेतराम पटेल का योगदान रहा।



घटना स्थल का मुआयना कर जांच करती पुलिस।

# श्रम विभाग की योजना में फिर आई गड़बड़ी की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

जिले के श्रम विभाग में मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता योजना में लगातार गड़बड़ी के मामले सामने आ रहे हैं। कुछ दिन पहले एक मामले में दो लोगों के खिलाफ थाने में एफ आई आर दर्ज हो चुकी है। अब फिर जिला पंचायत उपाध्यक्ष ने एक और फर्जीवाड़े की शिकायत की है।

जिला पंचायत उपाध्यक्ष गगन जयपुरिया ने कलेक्टर और एस पी को शिकायत पत्र सौंप कर कार्रवाई की मांग की है। शिकायत में बताया गया है कि बम्हनीडीह ब्लॉक के सरवानी गांव में एक महिला श्रमिक की मृत्यु के बाद फर्जी दस्तावेज तैयार कर योजना से 1 लाख रुपये निकाल लिए गए। आरोप है कि मृत्यु की तारीख में छेड़छाड़ कर गलत तरीके से योजना का लाभ लिया गया है। शिकायत के अनुसार महिला श्रमिक का पंजीयन 15 मई को हुआ लेकिन उनकी मौत 8 अगस्त को हो गई थी। योजना का लाभ पाने के लिए कम से कम 3 महीने का पंजीयन जरूरी होता है। यही वजह है कि मृत्यु तिथि बदलकर 13 अगस्त कर दी गई। फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र बनाकर 1 लाख रुपये निकाल लिए गए। उल्लेखनीय है कि जिला पंचायत उपाध्यक्ष गगन जयपुरिया ने पूर्व में भी बिर्रा में एक महिला के नाम पर इस योजना में फर्जीवाड़ा कर 1 लाख की सहायता राशि निकालने की शिकायत की थी। उस मामले में पंचायत सचिव और महिला के पति के खिलाफ अपराध कायम किया जा चुका है। जिला पंचायत उपाध्यक्ष गगन जयपुरिया ने इस बार भी सभी दस्तावेज कलेक्टर को सौंपे हैं और कार्रवाई की मांग की है।




#### खास बात

- पूर्व में एक अन्य मामले में हो चुकी है एफआईआर

### आकांक्षा आवासीय कोचिंग संस्थान में प्रवेश के लिए अंतिम तिथि आज

**जांजगीर-चांपा।** आकांक्षा कार्यक्रम अंतर्गत वर्ष 2026-27 में 11वीं कक्षा में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को राष्ट्रीय स्तर की इंजीनियरिंग, मेडिकल से संबंधित प्रवेश परीक्षाओं में सफल होने हेतु 2 वर्षीय पाठ्यक्रम हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किया गया है। डिप्टी कलेक्टर एवं नोडल अधिकारी आकांक्षा कार्यक्रम ने बताया कि आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 30 अप्रैल निर्धारित की गई है। लिखित परीक्षा की तिथि के संबंध में पृथक से सूचना जारी किया जावेगा। आवेदन पत्र आकांक्षा आवासीय विद्यालय जिला पंचायत परिसर में जमा किया जा सकता है अथवा इस कार्यालय के वेबसाईट पर ऑनलाईन जमा किया जा सकता है।

## गैस सिलेण्डर के लिए लंबी कतार...



**जांजगीर-चांपा।** मिडिल ईस्ट संघर्ष के चलते गैस सिलेण्डर को लेकर तरह-तरह की चर्चाओं का बाजार गर्म है। ऐसे में गैस सिलेण्डर पाने के लिए उपभोक्ता कोई कसर नहीं छोड़ रहे है। चांपा में चिलचिलाती धूप में उपभोक्ता घरेलू सिलेण्डर लेने कतार में लग रहे है। फोटो : हरिभूमि

### अकलतरा में निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन 8 को

**अकलतरा।** भवानी जन सेवा समिति अकलतरा एवं एमजीएम हॉस्पिटल रायपुर के संयुक्त तत्वावधान में आगामी 8 अप्रैल को पंचदेव मंदिर परिसर, मुकीम उद्यान अकलतरा में सर्व समाज हेतु विशाल निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया जाएगा। समिति के संयोजक प्रकाश केडिया ने जानकारी देते हुए बताया कि यह समिति द्वारा आयोजित 12वां निशुल्क नेत्र शिविर है, जिसमें विशेष रूप से कमजोर वर्ग के लोगों को लाभ पहुंचाने का उद्देश्य रखा गया है। शिविर में मोतियाबिंद एवं अन्य नेत्र रोगों से पीड़ित मरीजों की जांच की जाएगी। जांच के पश्चात पात्र मरीजों को समिति की बस के माध्यम से रायपुर ले जाया जाएगा, जहां उनके ऑपरेशन के साथ ही रहने एवं भोजन की निःशुल्क व्यवस्था भी उपलब्ध रहेगी। मरीजों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पंजीयन की व्यवस्था पवन मेडिकल स्टोर अकलतरा में की गई है। पंजीयन के दौरान आधार कार्ड एवं राशन कार्ड की छायाप्रति जमा करना अनिवार्य होगा।



### रैंप योजना अंतर्गत 3 दिवसीय प्रशिक्षण आज से

# धार्मिक नगरी शिवरीनारायण इको टूरिज्म सेंटर के रूप में होगा विकसित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

धार्मिक नगरी शिवरीनारायण इको टूरिज्म सेंटर के रूप में विकसित होगा। भारत सरकार की रैंप योजना अंतर्गत इस दिशा में पहल होने लगी है।सीएसआईडीसी रायपुर के बैनर तले एनआईएमएसएमई हैदराबाद द्वारा ट्रेनिंग प्रोग्राम के तहत 30 मार्च से शिवरीनारायण में 3 दिवसीय इको टूरिज्म प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

शिवरीनारायण धार्मिक नगरी के रूप में विख्यात है। यहां शिवनाथ, जोक और महानदी का संगम है। भगवान शिवरीनारायण का ऐतिहासिक मंदिर है। यह क्षेत्र राम वन गमन परिपथ में शामिल है। अब इसे इको टूरिज्म सेंटर के रूप में विकसित होगा। इसके लिए 30 मार्च से 1 अप्रैल तक शिवरीनारायण में प्रशिक्षण शिविर लगेगा। तीन दिवस में सुबह 10:30 से शाम के 4:30 बजे तक प्रशिक्षण आयोजित होगी । यह प्रशिक्षण छत्तीसगढ़ शासन की उद्योग नीति 2024-30 के अनुरूप आयोजित किया जा रहा है। जिसमें टूरिज्म से जुड़े स्थानीय उद्यमी, महिला उद्यमी, स्व-सहायता समूह की महिलाएं, टूर गाइड एवं युवा नाविक भाग ले सकते हैं। प्रशिक्षण पूर्णतः निशुल्क होगा। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को इको टूरिज्म, होमस्टे, फार्म स्टे, नाइट कैंपिंग, ट्रैकिंग, अनुभवात्मक पर्यटन, ग्रामीण पर्यटन, कला एवं संगीत पर्यटन तथा पाक कला पर्यटन जैसे विषयों पर विस्तृत जानकारी एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा।इच्छुक प्रतिभागियों को 30 मार्च को सुबह 10:00 से 10:30 बजे के बीच आवश्यक दस्तावेजों के साथ सीएमओ ऑफिस, शिवरीनारायण में उपस्थित होना होगा। आवश्यक दस्तावेजों में आधार कार्ड अनिवार्य है, साथ ही उद्यम पंजीयन हेतु आधार कार्ड, पैन कार्ड एवं बैंक खाता विवरण की आवश्यकता होगी।आयोजकों ने अधिक से अधिक लोगों से इस प्रशिक्षण का लाभ उठाने की अपील की है, जिससे क्षेत्र में रोजगार एवं स्वरोजगार के नए अवसर विकसित हो सकें। उल्लेखनीय है कि शिवरीनारायण में छत्तीसगढ़ समेत अन्य प्रदेश से भी श्रद्धालु पहुंचते हैं। इको टूरिज्म सेंटर के रूप में विकसित होने से यहां पर्यटकों की संख्या बढ़ेगी और स्थानीय लोगों के रोजगार के अवसर में भी बढ़ोतरी होगी।



# रायपुर-कोरबा समेत कई मेमू ट्रेनें आज से रहेंगी रद्द

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

रेल मंडल रायपुर से बिलासपुर, कोरबा और रायगढ़ की ओर रोजाना सफर करने वाले हजारों यात्रियों के लिए आने वाले दिन कष्टकारी हो सकते हैं। हावड़ा-मुंबई मुख्य रेल मार्ग पर स्थित अकलतरा स्टेशन में चौथी लाइन कनेक्टिविटी और यार्ड रिमाडलिंग का काम शुरू होने जा रहा है।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा लिए गए इस ट्रैफिक ब्लॉक के कारण 30 मार्च से 11 अप्रैल तक रायपुर से छूटने वाली और रायपुर आने वाली कई महत्वपूर्ण मेमू व पैसेंजर ट्रेनें रद्द रहेंगी। रेलवे प्रशासन के इस निर्णय का सबसे बड़ा असर उन नौकरी पेशा और व्यापारियों पर पड़ेगा जो रायपुर से कोरबा और गेवरा रोड के बीच प्रतिदिन सफर करते हैं। रायपुर-कोरबा और रायपुर-गेवरा रोड मेमू पैसेंजर 30 मार्च से 11 अप्रैल तक पूरी तरह रद्द कर दी गई हैं। इसके अलावा बिलासपुर-रायगढ़ और बिलासपुर-कोरबा के बीच चलने वाली मेमू ट्रेनों के पहिये भी 11 दिनों तक थमे रहेंगे। बड़ी संख्या में रद्द हो रही ट्रेनों को देखते हुए रेलवे ने रायपुर और कोरबा के बीच चलने वाली हसदेव एक्सप्रेस को लेकर विशेष व्यवस्था की है। गाड़ी संख्या 18250/18249 और 18252/18251 कोरबा-रायपुर-कोरबा हसदेव एक्सप्रेस को 31 मार्च से 11 अप्रैल तक कोरबा और बिलासपुर के बीच पैसेंजर ट्रेन की तरह चलाया जाएगा। इससे रास्ते के छोटे स्टेशनों के यात्रियों को आवागमन में कुछ सहूलियत मिल सकेगी। वहीं गोंदिया-झारसुगुड़ा पैसेंजर 31 मार्च से 11 अप्रैल तक बिलासपुर में समाप्त होगी एवं बिलासपुर-झारसुगुड़ा के बीच रद्द रहेगी।

**खबर संक्षेप**

## हर कार्यकर्ता संगठन की ताकत और हर कार्यकर्ता का सम्मान प्राथमिकता : अग्रवाल



**जांजगीर-चांपा।** भारतीय जनता पार्टी जांजगीर चाम्पा के जिला उपाध्यक्ष पंकज अग्रवाल ने भाजपा के पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान मे नगर मंडल बलौदा व अकलतरा ग्रामीण मंडल में विशेष वक्ता के रूप मे शामिल हुए। उन्होंने उपस्थित भाजपा कार्यकर्ता को संबोधित करते हुए कहा कि कार्य पद्धति का मूल मंत्र 'काम के लिए कार्यकर्ता और कार्यकर्ता के लिए काम है' और यही हमारी कार्यशैली का मूल आधार है हमारा लक्ष्य सिर्फ योजनाएं बनाना नहीं, बल्कि उन्हें जमीनी स्तर तक पहुंचाना भी है। हर कार्यकर्ता संगठन की ताकत है और हर कार्यकर्ता का सम्मान व उसका विकास हमारी प्राथमिकता है क्योंकि मजबूत कार्यकर्ता ही मजबूत संगठन और मजबूत राष्ट्र का निर्माण करते हैं। हमारी कार्य पद्धति संगठन हमारे लिए सबसे पहले है और व्यक्ति बाद में है। हर कार्यकर्ता को सामान अवसर और जिम्मेदारी देना ही हमारा प्रमुख कर्तव्य है। जनसेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता देना और कार्यकर्ताओ से निरंतर संवाद और सहभागिता बनाकर रखने की सीख हमको संगठन से मिलती है।

## भारत स्काउट्स एवं गाइड्स का सेवा संकल्प, जिले भर में शुरू हुए 'प्याऊ घर'



**जांजगीर-चांपा।** भीषण गर्मी को देखते हुए भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ जांजगीर-चांपा द्वारा जनसेवा का बीड़ा उठाया गया है। राम नवमीं के के अवसर पर जिला मुख्यालय सहित जिले के विभिन्न क्षेत्रों में 'प्याऊ घर' अभियान का भव्य शुभारंभ किया गया। इसी कड़ी में विवेकानंद मार्ग स्थित दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर जांजगीर के समीप राहगीरों और श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु विशेष प्याऊ घर का शुभारंभ किया गया, जहां मंदिर के पुजारी पंडित किरण मिश्र ने विधिवत पूजा-अर्चना संपन्न की। इस केंद्र का प्रारंभ राज्यपाल गाइड कु. मेधा पटेल के हाथों कराया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं को बिस्कुट बांटे गए। इसी क्रम में बाजार चौक मड़वा में सरपंच अजय सोनवानी ने श्रीफल तोड़कर प्याऊ घर का शुभारंभ किया, जहां सावित्री बाई फूले गाइड कंपनी, स्वामी विवेकानंद स्काउट दल और द ग्रीन थंब रोवर क्रू के स्काउट्स-गाइड्स पूरे एक माह तक प्राचार्य जगमोहन सिंह पेंकरा के मार्गदर्शन में अपनी सेवाएं देंगे। पहले दिन यहां राहगीरों को शरबत एवं मिष्ठान का वितरण किया गया। जिला मीडिया प्रभारी अनुभव तिवारी ने बताया कि इसके अतिरिक्त राष्ट्रीय राजमार्ग 49 पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तिलई, पहरिया पंतोरा रोड में शा. पूर्व माध्यमिक शाला अंगारखार, शिवरीनारायण मुख्य बाजार में लिटिल फ्लावर स्कूल शिवरीनारायण और मुख्य मार्ग पर शा. उ. मा. वि. करमन्दा द्वारा भी प्याऊ केंद्रों का संचालन किया जा रहा है। प्याऊ केंद्रों के सुचारू संचालन में जिला सचिव दीपक कुमार यादव, डॉ. सुरेन्द्र कुमार सोनी डी ओ सी स्काउट डीटीसी स्काउट पूरन लाल पटेल, डीओसी गाइड कु. श्वेता जायसवाल, डॉ. धनमत महंत, जिला क्रीड़ा अधिकारी रमेश तिवारी, श्रीमति दुर्गेश नंदनी राठौर ,श्रीमती प्रतिभा यादव और सहायक सचिव अनिल सिदार, प्रभाव वानी , राजिन पाणिग्रही जैसे सक्रिय सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान है । जिला सचिव दीपक कुमार यादव ने बताया कि भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ द्वारा प्रदेश भर में रामनवमी से एक माह तक प्याउघर चलाए जाएंगे । इस कड़ी में जिले में छह प्याऊघरों का संचालन स्काउट्स गाइड्स ने शुरू कर दिया है । तीन प्रमुख स्थानों खासकर ब्लॉक मुख्यालयों में प्रारम्भ किए जाने का प्रस्ताव है। रोटेशन में स्वयं सेवक पेयजल सेवा देंगे। माह के अंत में समारोह पूर्वक सभी वॉलेंटियर्स एवं सहयोगियों को जिला संघ द्वारा सम्मानित किया जाएगा।

## पिछड़ा वर्ग के राष्ट्रीय अध्यक्ष से मिले नवीन



**जांजगीर-चांपा।** नई दिल्ली में पिछड़ा वर्ग के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति से मछुआरा प्रकोष्ठ के संयुक्त सचिव नवीन कुमार धीवर ने मुलाकात की। इस बीच उन्होंने मछुआरा समिति एवं उनके वर्ग को विभिन्न तरह की समस्याएं आती है इसे लेकर चर्चा की। साथ ही साथ मछुआरा समिति द्वारा उन्हें अपनी समस्याओं से अवगत कराया गया। उन्होंने समाज को भरोसा दिलाया कि आने वाले समय में मछुआरा समाज को उनके हक और अधिकार निश्चित रूप से मिलेंगे, जिससे समाज की सामाजिक और राजनीतिक ताकत और अधिक सशक्त होगी। उनके समाज एवं समिति को हर संभव मदद का आश्वासन दिया गया। मुलाकात के दौरान राष्ट्रीय मछुआरा संघ छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती गायत्री गायग्वाल, नवीन धीवर संयुक्त सचिव, सुरेश ढीमर अध्यक्ष, युवा प्रकोष्ठ, भोजराम धीवर महासचिव, युवा प्रकोष्ठ,अविनाश माझी कोषाध्यक्ष, युवा प्रकोष्ठ), रूपराम धीवर विधानसभा अध्यक्ष, राजनांदगांव), संतोष कुमार धीवर कोषाध्यक्ष जैजैपुर विधानसभा उपस्थित थे।

### 6 करोड़ 80 लाख की मिल चुकी है स्वीकृति

# दस साल बाद भी हाईटेक बस स्टैण्ड के लिए नहीं हो सका जमीन का चिन्हांकन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



जिलेवासियों को हाईटेक बस स्टैण्ड का इंतजार है। इसके लिए शासन ने दस साल पहले ही स्वीकृति प्रदान कर दी है। वहीं 6 करोड़ 80 लाख का बजट भी स्वीकृत कर लिया गया है। बावजूद इसके जमीन का चिन्हांकन अब तक नहीं हो पाया है, जिसके चलते योजना में देरी हो रही है।

गौरतलब है कि महानगरों एवं बड़े शहरों की तर्ज पर जिला मुख्यालय जांजगीर में भी हाईटेक बस स्टेण्ड का निर्माण किया जाना है। जिससे यात्रा करने वाले लोगों को इसका लाभ मिल सकें। वहीं हाईटेक बस स्टेण्ड के माध्यम से लोगों को रोजगार भी मुहैया हो सकें। इसके लिए प्रशासन ने वर्ष 2015 में स्वीकृति प्रदान कर दी है। वहीं 6 करोड़ 80 लाख रुपए भी स्वीकृत कर दिया गया है। बावजूद अब तक स्थल चयन का कार्य पूरा नहीं हो पाया है, जिसके चलते योजना में देरी हो रही है। वैसे तो जांजगीर में प्रतीक्षा बस स्टैण्ड के अलावा केरा रोड में भी नया बस स्टेण्ड बनाया गया है, लेकिन ये दोनों ही बस स्टैण्ड अनुपयोगी साबित हो रही है। प्रतीक्षा बस स्टैण्ड नैला को सिटी बस के लए टर्मिनल बनाया गया है। वहीं नए बस स्टैण्ड केरा रोड जांजगीर में केवल शिवरीनारायण एवं केरा रूट की ओर जाने वाली ही बसें जाती है। इसके बाद अकलतरा एवं बिलासपुर रूट की तरफ जाने वाली बस नया बस स्टैण्ड की तरफ नहीं जाती है एवं यह बस कचहरी चौक से होकर वापस अपने गंतव्य की ओर रवाना हो जाते है। ऐसे में यात्रियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इसी समस्याओं सुव्यवस्थित यात्रियों को सुविधा मिलें। इसको देखकर हाईटेक बस स्टैण्ड की स्वीकृति प्रदान की गई है। बनाए जाने वाले हाईटेक बस स्टेण्ड में पेयजल, बिजली, पानी, होटल सहित दुकानों की समुचित व्यवस्था की जानी है, ताकि यात्रियों को बेहतर सुविधा मिल सकें, लेकिन पालिका प्रशासन की उदासीनता के चलते अब तक स्थल का चयन नहीं हो पाया है। ऐसे में जिलेवासियों को हाइटेक बस स्टैण्ड की सुविधा नहीं मिल पाई है। स्वीकृति के एक साल बाद जिला पंचायत के आगे जर्वे रोड में बस स्टैण्ड के लिए जमीन देखी गई थी, लेकिन तकनीक पेच के चलते इसके बाद प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ पाई है।

**हाईटेक बस स्टैण्ड में 24 दुकानें प्रस्तावित**

जिला मुख्यालय जांजगीर में बनाए जाने वाले हाईटैक बस स्टैण्ड में 24 दुकानें प्रस्तावित है, जिनमें सेलून, होटल, कपड़ा दुकान, यात्री प्रतीक्षालय, फल दुकान, मेडिकल दुकान, पुस्तक स्टाल की दुकानें लगेंगी। इसके अलावा बस स्टैण्ड में बिजली, पानी सहित शौचालय की व्यवस्था सुनिश्चित करना है। इसके माध्यम से आसपास के लोगों को स्व रोजगार भी मिलेगा, लेकिन अब तक बस स्टैण्ड की नींव तक नहीं रखी जा सकी है, जिसके चलते शहरवासियों सहित जिलेवासियों को हाईटेक बस स्टैण्ड का इंतजार है।

**फाइल का करेंगे अवलोकन**

हाईटेक बस स्टैण्ड के लिए शासन ने 6 करोड़ 80 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की है। बस स्टैण्ड में 24 दुकानें भी प्रस्तावित है। फाइल का अवलोकन कर काम आगे बढ़ाया जाएगा।

**- विक्रम भगत,**
मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद जांजगीर-नैला




फील्ड ट्रेनरों को जानकारी देते अधिकारी।

# फील्ड ट्रेनरों को जनगणना कार्य की प्रक्रिया से कराया गया अवगत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

भारत सरकार, गृह मंत्रालय अंतर्गत जनगणना 2027 के प्रथम चरण (मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना) के सफल संचालन हेतु फील्ड ट्रेनरों का जिला स्तरीय तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम 27 मार्च से 29 मार्च तक कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित कर संपन्न किया गया। प्रशिक्षण में जिला सक्ती के 2 मास्टर ट्रेनरों सहायक प्राध्यापक, शासकीय क्रांतिकुमार भारतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सक्ती सोमेश कुमार घितोडे, एवं सहायक प्राध्यापक, अटल विहारी वाजेपयी महाविद्यालय नगरदा अरविंद कुमार जगदेव द्वारा 27 फील्ड ट्रेनरों व कर्मचारियों को जनगणना कार्य की प्रक्रिया, प्रपत्र संधारण, मोबाइल एप के उपयोग एवं अन्य तकनीकी पहलुओं की जानकारी दी गई। कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी अमृत विकास तोपनो ने जनगणना कार्य को राष्ट्रीय महत्व का बताते हुए सभी को दायित्वों का निर्वहन गंभीरता से करने के निर्देश दिए। कार्यक्रम में अपर कलेक्टर एवं जिला जनगणना अधिकारी के.एस. पैकरा, नोडल अधिकारी दिनेश वसंत राव अंबाडे सहित सभी फील्ड ट्रेनर उपस्थित रहे।

**खास बात**

- कलेक्टर ने दिए दायित्वों को गंभीरता से निर्वहन करने के निर्देश

## अक्षय तृतीया पर ब्राह्मण नारी नवचेतना मंच करेगा सामूहिक उपनयन संस्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



कार्यक्रम में उपस्थित ब्राह्मण नारी नवचेतना मंच के पदाधिकारी।

ब्राह्मणों के कुल जनक भगवान श्री परशुराम जी के जन्मोत्सव 20 अप्रैल एवं अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर ब्राह्मण नारी नवचेतना मंच जांजगीर द्वारा बटुकों का उपनयन संस्कार अग्रसेन भवन नैला-जांजगीर में आयोजित किया जाएगा।

ब्राह्मण नारी नवचेतना मंच के सदस्यों की मासिक बैठक रामनवमीं के दिन समिति की वरिष्ठ सदस्या नीलू पाण्डेय के संयोजनकत्व में आयोजित की गई। सभी सदस्यों द्वारा भजन कीर्तन कर श्री राम जन्म उत्सव बड़े उत्साह एवं भक्तिभाव से मनाया गया। साथ ही साथ सभी सदस्यों द्वारा सामूहिक उपनयन संस्कार आयोजन हेतु चर्चा की गई। समिति की सक्रिय सदस्य नीलू पाण्डेय एवं अलका शर्मा ने बताया कि बटुकों को धोती, गमछा,टोपी , पूजन सामग्री ,नाश्ता एवं भोजन समिति द्वारा उपलब्ध कराया जाएगा। ग्यारह बटुकों का पंजीयन किया जा चुका है और पंजीयन की अंतिम तिथि 10 अप्रैल तक है । उपनयन संस्कार के आचार्य पंडित राजकुमार मिश्रा होंगे । बटुकों के उपनयन संस्कार के लिए इच्छुक परिजन समिति से श्रीमती नीरा शर्मा ,श्रीमती जयंती दुबे,श्रीमती सीता पाण्डेय, श्रीमती बीना दुबे,श्रीमती अनुराधा शुक्ला, श्रीमती आशा दुबे, श्रीमती नम्रता शर्मा,श्रीमती किरण पाण्डेय, श्रीमती नीलू शर्मा से संपर्क कर पंजीयन करवा सकते है। इस अवसर पर श्रीराम की जीवनी पर आधारित प्रश्नों के उत्तर देने हेतु प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें प्रथम स्थान पर गीता मिश्रा,द्वितीय स्थान शालिनी शर्मा एवं तृतीय स्थान विद्योत्तमा गौरहा को प्राप्त हुआ। सभी बहनों द्वारा भजन, कीर्तन करते हुए हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। अंत मे कार्यक्रम की संयोजक नीलू पाण्डेय द्वारा ब्राह्मण नारी नवचेतना मंच की सभी सदस्यों को सुहाग पिटारा भेट किया गया। इस अवसर पर ब्राह्मण नारी नवचेतना मंच से वीना शर्मा, नीरा शर्मा, सीता पांडेय, जयश्री शर्मा, नीलू पाण्डेय,जयंती दुबे, गीता मिश्रा, अलका शर्मा ,आशा दुबे, निशा मिश्रा,नीलू शर्मा,पूर्णिमा शर्मा, किरण पांडेय, किरण शुक्ला, अनुराधा शुक्ला,नम्रता शर्मा, विद्योत्तमा गौरहा, प्राची पांडेय, प्रियंवदा पांडेय, शालिनी शर्मा, जूही गौरहा उपस्थित थे।

## कृषि योजनाओं का लाभ पाने के लिए एग्रीस्टेक पोर्टल पर पंजीयन अनिवार्य

**सक्ती।** किसानों को कृषि विभाग की योजनाओं का लाभ लेने के लिए एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन कराना अब अनिवार्य कर दिया गया है। जिला प्रशासन और कृषि विभाग ने यह निर्णय योजनाओं का लाभ सही और पात्र किसानों तक पारदर्शी तरीके से पहुंचाने के उद्देश्य से लिया है। शासन द्वारा खाद की बिक्री में पारदर्शिता लाने और विभागीय योजनाओं की सब्सिडी का लाभ सीधे किसानों तक पहुंचाने के लिए एग्रीस्टेक पोर्टल के अंतर्गत किसानों को शत-प्रतिशत "फार्मर आईडी" बनवाने हेतु निर्देशित किया गया है। इसके तहत विभागीय योजनाओं का लाभ केवल जमीन के मालिक या उनके द्वारा अधिकृत व्यक्ति को फार्मर आईडी होने पर ही मिलेगा। वर्तमान में जिले में अब तक लगभग 21147 सक्रिय किसानों का फार्मर आईडी बनाया जाना शेष है। फार्मर आईडी पंजीयन के लिए किसान राज्य के एग्रीस्टेक प्लेटफॉर्म पर ऑनलाइन या नजदीकी सीएससी सेंटर पर जाकर आसानी से पंजीयन कर सकते हैं।

# रामनवमी पर तुलसी में हुआ मानस गायन



माता चौरा में सुंदरकांड पाठ करती मानस मंडली।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

श्री रामनवमी के अवसर पर ग्राम तुलसी के माता चौरा में सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। शुक्रवार 27 मार्च को तुलसी के माता चौरा में अखंड सुंदर कांड पाठ का आयोजन किया गया।

इस मौके पर गांव के प्रथम सरपंच एवं मानस मर्मज्ञ पंडित सुशील शुक्ला की स्मृति में नौ वर्षों से प्रत्येक मंगलवार को मानस गायन एवं प्रवचन करने वाली मंगलवारीय मानस मंडली द्वारा सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। पाठ के उपरांत भगवान श्री राम जी की आरती और प्रसाद वितरण किया गया। इस मौके पर देवराज कश्यप,छहुरा यादव, माखन साहू, लखन साहू,श्यामलाल कश्यप,सूरज नागेश,उमेंद्र केवट, छेदीलाल निर्मलकर सहित मंडली के सभी सदस्य और ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

- मानस मर्मज्ञ पं. सुशील शुक्ला की स्मृति में मंगलवारीय मानस मंडली ने किया सुंदरकांड पाठ

# कोटमी सोनार में निकली भव्य बाइक रैली महाआरती के साथ मनाया श्रीराम जन्मोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा



ग्राम कोटमी सोनार में श्रीराम नवमी के पावन अवसर पर भव्य बाइक रैली का आयोजन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में रामभक्त अपने-अपने बाइक पर भगवा ध्वज लगाकर रैली में शामिल हुए। पूरे गांव में जय श्रीराम के जयघोष से वातावरण भक्तिमय बना रहा।

बाइक रैली श्रीराम जानकी डबरा मठ से प्रारंभ होकर भटापारा, नहर पार, स्टेशन मोहल्ला, बजरंग चौक, यज्ञशाला हनुमान मंदिर, क्रोकोडाइल पार्क, श्रीराम चौक, माताचौरा, बाजारपारा होते हुए हटरी चौक के रास्ते पुनः श्रीराम जानकी मंदिर पहुंची, जहां प्रसाद वितरण के साथ रैली का समापन किया गया।इसके साथ ही जोगिया मठ एवं डबरा मठ में दोपहर 12 बजे भव्य महाआरती का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और श्रीराम जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।इस अवसर पर महंत सर्वेश्वर दास महाराज, दीपक सिंह, सुबोध थवाईत, राकेश शर्मा, महेश्वर शुक्ला, सोमेश दुबे, ललित सोनी, शशिकांत सोनी, कुशल पटेल, अंकित शुक्ला, अभय शुक्ला, कृष्ण यादव, संजय पटेल, दिनेश केवट, लिनेश्वर पटेल, राजेश यादव (प्रिंस), शुभम सोनी, प्रिंस पाण्डेय सहित पुलिस सहायता केंद्र प्रभारी श्रीमती प्रतिभा राठौर अपने स्टाफ के साथ उपस्थित रहे।

# रामनवमीं हिन्दूओं का प्रमुख त्योहार

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा



पूजा-अर्चना करते अतिथि एवं विवेकानंद उद्यान ग्रुप के सदस्य।

स्वामी विवेकानंद उद्यान चांपा में स्वामी विवेकानंद उद्यान ग्रुप चांपा द्वारा राम जन्मोत्सव मनाया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रुप में डॉक्टर जी पी दुबे आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी तथा विशिष्ट अतिथि के रुप में कृष्ण कुमार देवांगन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के द्वारा प्रभु श्रीराम चन्द्र के प्रतिमा पर पुष्प अर्पण कर दीपदान व आरती कर प्रारंभ किया । उसके पश्चात सभी सदस्य भगवान श्री रामचंद्र की पूजा अर्पण कर, भजन कीर्तन और मिष्ठान वितरण जन्मोत्सव मनाया। अंत में प्रतिदिन की भांति राष्ट्रगान किया गया। ग्रुप के सदस्य उपस्थित रह कर कार्यक्रम को सफल बनाया।

ग्रुप के प्रमुख राजेन्द्र जायसवाल ने सफल संचालन करते हुए कहा रामनवमी एक हिंदू त्यौहार है जो भगवान राम के जन्म के अवसर पर मनाया जाता है। यह चैत्र महीने के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को मनाया जाता है। इस अवसर पर कृष्ण कुमार देवांगन, रूपनारायण यादव, हरिप्रसाद विश्वकर्मा, शिवराज जायसवाल, लक्ष्मी चन्द देवांगन, रामकिशन देवांगन, बसंत महन्त, मोदी, सुनील पटेल गार्डन सेवक, रोहित चक्रवर्ती, पूरन सिंह राजपूत,बहादुर देवांगन, विरेंद्र सिंह यादव रूपनारायण यादव, बहादुर देवांगन , एस के सिगं, विरेंद्र देवांगन, राकेश शर्मा,युसुफ भाई, चुचेरे भाई राजेश देवांगन, श्रीमती कामिनी जायसवाल, श्रीमती पुष्पा देवांगन, श्रीमती मणीमाला शर्मा,श्रीमती शांति देवांगन, श्रीमती द्रौपदी देवांगन, श्रीमती संगीता देवांगन, मुन्नी देवांगन, गायत्री देवांगन, आशा देवांगन, हेमा देवांगन, शारदा राजपूत, पार्वती देवांगन, संध्या मानिकपुरी,राधिका विश्वकर्मा,शीतल देवांगन, अनुसुइया देवांगन , संध्या मानिकपुरी, श्रीमती गौरी देवांगन, सुप्रिया मंडल ,कुसुम देवांगन,चन्द्रा साहू, भानू विश्वकर्मा, सनत कश्यप, सुनील देवांगन, राजेन्द्र देवांगन, श्रीराम देवांगन एवं मॉर्निंग वॉक करने वाले लोग उपस्थित रहें।

- रामनवमी के अवसर में स्वामी विवेकानंद उद्यान में मनाया गया राम जन्मोत्सव

# गौशाला का निर्माण होने से गौ वंशीय पशुओं का होगा संरक्षण : राजेश्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



भूमि पूजन करते महामंडलेश्वर राजेश्री महंत रामसुंदर दास एवं अन्य अतिथिगण।

शिवरीनारायण मठ मंदिर के गांव पकरिया में स्थित बाड़ा में गौशाला एवं रसोई घर निर्माण के लिए भूमि पूजन का कार्यक्रम संपन्न हुआ।

इस कार्यक्रम में राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास महाराज के साथ ही अयोध्या से पहुंचे अनंत श्री विभूषित सियाराम शरण महाराज एवं वृंदावन से आए हुए आचार्य भी सम्मिलित हुए। गांव पहुंच कर सबसे पहले इन्होंने चंडी दाई का दर्शन - पूजन किया फिर बाड़ा पहुंचकर भूमि पूजन के लिए निर्धारित स्थान पर पूजा अर्चना संपन्न की। भगवान हनुमान की आरती के उपरांत सभी श्रद्धालु भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर राजेश्री महन्त महाराज ने अपने संदेश में कहा कि ग्राम पकरिया शिवरीनारायण मठ का गांव है। यहां के बाड़ा में स्थित गौशाला तथा रसोई घर निर्माण के लिए भूमि पूजन का कार्यक्रम संपन्न हुआ है। इसके निर्माण हो जाने से गौ वंशियों को संरक्षण संवर्धन की दृष्टि से उत्तम स्थान तो प्राप्त होगा ही रसोई घर का भी उपयोग जनहित में किया जाएगा। अयोध्या से आए हुए आचार्य ने भी लोगों को संबोधित किया और कहा कि - उत्तम शिष्य वही है जो गुरु के अधूरे कार्यों को पूरा करे। राजेश्री गुरु शिष्य परंपरा का निर्वाह करते हुए इस स्थान में गौशाला एवं रसोई घर का निर्माण करने जा रहे हैं यह सराहनीय कार्य है। लोगों को वृंदावन से आए हुए आचार्य ने भी संबोधित किया। शिवरीनारायण मठ ट्रस्ट कमेटी के सदस्य राघवेंद्र प्रताप सिंह ने भी लोगों को संबोधित कर आभार व्यक्त की। इस अवसर पर शिवरीनारायण मठ ट्रस्ट कमेटी के सदस्य हेमंत दुबे, सुखराम दास महाराज, कमलेश सिंह, रामकृष्ण कश्यप, पुरेंद्र सोनी, लक्ष्मी नारायण पांडे, विद्याधर पांडे,शांतिलाल पांडे, पन्नालाल देवांगन,पोथीराम साहू, ईश्वरलाल साहू, परमेश्वर सायतोंडे, देवनारायण देवांगन, रामानुज निर्मलकर, भूरेलाल साहू, धर्मात्मा साहू, निर्मल दास वैष्ण, हर्ष दुबे सहित अनेक गणमान्य नागरिक गण उपस्थित थे। पूजा अर्चना का कार्यक्रम जय शुक्ला ,अंकुश तिवारी एवं राम प्रिय दास जी ने संपन्न कराया।

- महामंडलेश्वर ने किया पकरिया बाड़ा में गौशाला एवं रसोई घर निर्माण के लिए भूमि पूजन

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 16,500/
12 ज्योतिर्लिंग
स्पेशल ट्रेन से 29 जुलाई से 08 अगस्त 2026 तक
रिजर्वेशन कोच
27 मई, 10 जून, 12 अगस्त,
02 सितम्बर, 30 सितम्बर 2026 (11 दिन)
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री द्वारिकाभेंट, श्री शिरडी सांई बाबा, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, ओंकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, घृनेश्वर ज्योतिर्लिंग, त्रयंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, श्री शनि सिंघनापर
राशि:-स्लीपर-16,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411